श्री नीरज कुमार, मा०स०वि०प० द्वारा बिहार विधान परिषद के 212वें बजट सत्र में पूछा जाने वाला तारांकित प्रश्न संख्या–1/212/892 का उत्तर प्रतिवेदन।

प्रश्न	उत्तर
क्या मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, बिहार, पटना यह बतलाने की कृपा करेगें कि:–	
(क) क्या यह सही है कि अंजुमन इस्लामिया हॉल, पटना (बिहार) एक ऐतिहासिक एवं प्रतिष्ठित बहुउद्देशीय भवन है, जो आधुनिक इंडो–इस्लामिक वास्तुकला तथा नवीनीकृत सुविधाओं के लिए जाना जाता है;	स्वीकारात्मक।
(ख) क्या यह बात सही है कि उक्त भवन बेसमेंट सहित सात मंजिला (G+6) है, जिसमें आधुनिक एवं ऐतिहासिक वास्तुकला का समन्वय है तथा इसमें भव्य मैरिज हॉल एवं कॉन्फ्रेंस हॉल, सुन्नी वक्फ बोर्ड का कार्यालय, हज विभाग की शाखा एवं छात्राओं हेतु तकनीकी प्रशिक्षण केंद्र संचालित है;	आंशिक रूप से स्वीकारात्मक। वर्त्तमान में उक्त भवन में विवाह भवन के रूप में संचालित किया जा रहा है।
(ग) क्या यह सही है कि उक्त भवन में सामाजिक, शैक्षणिक एवं पारिवारिक कार्यक्रमों के आयोजन हेतु आरक्षण शुल्क अपेक्षाकृत अधिक है, जिसके कारण अल्पसंख्यक समाज के सामान्य एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोग इसका लाभ नहीं उठा पा रहे है;	वस्तुस्थिति यह है कि उक्त भवन में प्रति हॉल आरक्षण शुल्क ₹45000.00 18% GST सहित निर्धारित है, जो स्थानीय स्तर पर विमर्शानुसार बोर्ड द्वारा निर्धारित किया गया है। यतीम/विधवा एवं आर्थिक रूप से कमजोर अल्पसंख्यक वर्ग के लड़कियों के विवाह हेतु वक्फ बोर्ड द्वारा वक्फ सेस (Cess) से सहायता राशि प्रदान किया जाता है। अल्पसंख्यक समाज के सामान्य एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए शुल्क कम करने हेतु वक्फ बोर्ड में प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।
(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त भवन की विस्तृत जानकारी से सदन को अवगत कराने तथा अल्पसंख्यक समाज के हित में आरक्षण शुल्क को युक्तिसंगत/कम करना चाहती है, यदि हाँ तो कब तक नहीं, तो क्यों ?	उपर्युक्त कंडिका में स्थिति स्पष्ट कर दी गयी है।

बिहार सरकार
अल्पसंख्यक कल्याण विभाग

ज्ञापांक:– अ०सं०क०–10–(वक्फ) विधायी–04/2026............./पटना, दिनांक–................

प्रतिलिपि:–प्रशाखा पदाधिकारी, बिहार विधान परिषद सचिवालय, पटना को तारांकित प्रश्न संख्या–1/212/892 के प्रसंग में पाँच अतिरिक्त प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ हेतु प्रेषित।

ह०/–
सरकार के अपर सचिव

कृ०पृ०उ०.........

ज्ञापांकः– अ०सं०क०–10–(वक्फ) विधायी–04 / 2026............. / पटना, दिनांक–................

प्रतिलिपिः–उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

ह० / –

सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांकः– अ०सं०क०–10–(वक्फ) विधायी–04 / 2026............. / पटना, दिनांक–................

प्रतिलिपिः–अवर सचिव, प्रशाखा–08 (विधायी कार्य), अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ हेतु प्रेषित।

ह० / –

सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांकः– अ०सं०क०–10–(वक्फ) विधायी–04 / 2026.765 / पटना, दिनांक–16/02/26

प्रतिलिपिः–विभागीय नोडल पदाधिकारी, विधायी कार्य / आई०टी० मैनेजर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ हेतु प्रेषित।

सरकार के अपर सचिव